# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
### अधिसूचना

संख्या-11/आ०2-1069/2024- 1215 पटना, दिनांक- 17/6/26

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद अन्तर्गत संवेदक के विपत्र को विलंब से पारित करने, एकरारनामा पर बैकडेट से हस्ताक्षर करने, निविदा निष्पादन में लापरवाही बरतने, स्थल निरीक्षण के दौरान योजनाओं के बंद पाये जाने एवं मानक के अनरूप योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं करने के आरोप में विभागीय अधिसूचना सं0-353-सह-पठित ज्ञापांक-354, दिनांक-06.02.2026 द्वारा मो0 शमी अख्तर, तत0 कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था।

*02.* निलंबन के पश्चात मो0 अख्तर के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए विभागीय संकल्प सं0-411, दिनांक-18.02.2026 द्वारा उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की गयी है।

*03.* इसी बीच मो0 अख्तर एवं उनकी पत्नी श्रीमती फातमा खातून द्वारा अभ्यावेदन समर्पित करते हुए आर्थिक तंगी एवं पारिवारिक भरण-पोषण में हो रही कठिनाई का जिक्र करते हुए मो० अख्तर को निलंबन से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। मो0 अख्तर द्वारा अपने अभ्यावेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वे दिनांक-31.10.2026 को वार्धक्य सेवानिवृत्त होने वाले है।

अत: वर्णित स्थिति में मो0 शमी अख्तर के आसन्न सेवानिवृत्ति तथा उनसे एवं उनकी पत्नी से प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में मो० अख्तर, निलंबित कार्यपालक अभियंता(असैनिक), मुख्यालय-मुख्य अभियंता का कार्यालय मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त किया जाता है।

*04.* निलंबन अवधि के दौरान मो0 अख्तर को अनुमान्य जीवन-निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त अन्य वेतन/भत्ते के भुगतान के संबंध में निर्णय उनके विरूद्ध संस्थित विभागीय कार्यवाही के अंतिम फलाफल के आधार पर लिया जायेगा।

*05.* निलंबन मुक्ति के पश्चात मो० अख्तर विभागीय मुख्यालय में अपना योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

*06.* प्रस्ताव पर सक्षम अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

17/06/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव

ज्ञापांक-11/आ०2-1069/2024- 1216 पटना, दिनांक- 17/6/26

प्रतिलिपि:-वित्त(वै.दा.नि.को.) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/06/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव

ज्ञापांक-11/आ०2-1069/2024- 1216 पटना, दिनांक- 17/6/26

प्रतिलिपि:-माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/प्रशाखा पदाधिकारी-1, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/मो0 शमी अख्तर, निलंबित कार्यपालक अभियंता(असैनिक), मुख्यालय-मुख्य अभियंता का कार्यालय मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर/आई0टी0 मैनेजर को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/06/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव